# सरना डूंगर की फैक्ट्रियों में आग लगाने वाले दो अग्निशमन कर्मचारी गिरफ्तार

## आग लगाकर खुद ही बुझाने जाते थे आरोपी, दमकलों से डीजल चुराकर बाजार में बेचते थे

**जयपुर** (कासं)। जयपुर के सरना डूंगर क्षेत्र की फैक्ट्रियों में षड्यंत्र रचकर आग लगाने वाले 2 फायर बिग्रेड के कर्मचारियों को करधनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि यह दोनों कर्मचारी फैक्ट्रियों में पहले आग लगाते थे, फिर खुद ही जाकर बुझाते थे। दोनों सरकारी गाड़ी से डीजल चुराकर बेचते थे। ज्यादा गाड़ी चलने पर इस तरह डीजल बेचने का मौका भी ज्यादा मिलता था। इस मामले में संविदाकर्मी एक फायर मैन और फायर ब्रिगेड के एक ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि जितनी ज्यादा जगह आग लगती है, उतना ही ज्यादा कमाने का मौका मिलता है।

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि करधनी में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई आगजनी की घटनाओं की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। करधनी थानाधिकारी हरीश सोलंकी को एक महत्वपूर्ण इनपुट मिला था। इस इनपुट की पुष्टि के लिए थाने के कांस्टेबल सायरमल को लगाया गया। जांच में पता चला कि पिछले कुछ समय से रीको एरिया के सरना डूंगर (करधनी) में हो रही आग की घटनाओं को बाइक सवार बदमाश अंजाम दे रहे हैं।

सीआई करधनी थाना हरीश सोलंकी ने बताया कि इलाके में लगे हुए 100 सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। जहां-जहां आग लगी थी, वहां घटना से पहले बाइक पर 2 युवक आते-



सरना डूंगर क्षेत्र की फैक्ट्रियों में आग लगाने वाले दो संविदाकर्मी फायरमैन को करधनी थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया।

जाते दिखाई दे रहे थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन युवकों के हुलिया के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। बाइक पर आ-जा रहे युवकों का रूट देखा गया। आगजनी वाले घटनास्थल से ये युवक सरना डूंगर के फायर स्टेशन की तरफ जा रहे थे। मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी जुटाई गई। इसके बाद सरना डूंगर फायर स्टेशन पर तैनात फायरमैन विजय शर्मा (25) और फायर स्टेशन के ड्राइवर राहुल यादव (23) को डिटेन किया गया। सख्ती से

- **दोनों आरोपियों को प्राइवेट कंपनी से मिला था फायर ब्रिगेड ऑफिस में काम**

पूछताछ में इन्होंने अलग-अलग स्थानों पर आग लगाने की बात को स्वीकारा। विजय बागड़ों का मोहल्ला किशनपुरा पुलिस थाना करधनी (जयपुर) और राहुल सिंगोद खुर्द, पुलिस थाना गोविंदगढ़ (जयपुर) का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि अनुभव प्रमाण पत्र होने पर प्राइवेट ठेकेदार के स्तर से अस्थायी फायरमैन व ड्राइवर के रूप में दोनों युवकों की नियुक्ति हुई थी। इलाके में आगजनी की घटना होने पर ये दोनों मौके पर जाते थे और आग पर काबू पाते थे। आग बुझाने के दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ी से जितना डीजल खर्च होता है, उससे ज्यादा डीजल खर्च होना बता देते थे। उस डीजल को बाहर बेचकर पैसा कमाते थे।

योजना बनाकर अलग-अलग फैक्ट्रियों के अन्दर आग लगाने की घटना को अंजाम दिया करते थे। दोनों चेहरे पर कपड़ा बांधकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर घटना को अंजाम दिया करते थे। कभी प्लास्टिक तो कभी माचिस-सिगरेट की फैक्ट्री में आग लगा देते थे। कंट्रोल रूम से आग लगने की सूचना मिलने पर वह फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंच जाते थे।

# गढ़ गणेश मंदिर की पहाड़ी पर झाड़ियों में फंसे लेपर्ड का रेस्क्यू

## मंदिर के नजदीक लेपर्ड का मूवमेंट देखकर लोगों में हड़कंप मचा

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में नाहरगढ़ की पहाड़ियों में स्थित गढ़ गणेश मंदिर और नहर के गणेशजी मंदिर के बीच रविवार को लेपर्ड दिखने से हड़कंप मच गया। हालांकि यह लेपर्ड दोनों मंदिरों के बीच पहाड़ी पर एक झाड़ी में फंसा हुआ था, लेकिन लेपर्ड की मूवमेंट दिखते ही लोग सकते में आ गए और पुलिस और वन विभाग को सूचना दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची ब्रह्मपुरी थाना पुलिस और वन्य टीम ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लेपर्ड को ट्रंकुलाइज़ कर रेस्क्यू किया। बताया जा रहा है कि लेपर्ड का पैर झाड़ियों में फंसा हुआ था। वन विभाग की टीम ने कुल्हाड़ी से झाड़ियों को काटकर लेपर्ड को सुरक्षित बचाया। अब घायल लेपर्ड को उपचार के लिए नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में रखा गया है, ठीक होने पर उसे जंगल में छोड़ा जायेगा।

ब्रह्मपुरी थानाधिकारी ईश्वर पारीक ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे नहर के गणेश मंदिर और गढ़ गणेश मंदिर के बीच पहाड़ी पर लेपर्ड होने की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम से मिली। गश्ती दल को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने आसपास खड़े लोगों को मौके से हटाया। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची। लेपर्ड घायल था, इसलिए मूवमेंट नहीं कर रहा था।

नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क के रेंज अधिकारी जगदीश शर्मा ने बताया कि लेपर्ड की सूचना मिलने पर हमारी टीम मौके पर पहुंची। लेपर्ड घायल था, उसे ट्रंकुलाइज़ कर रेस्क्यू कर लिया गया है। फिलहाल लेपर्ड को स्वस्थ होने तक नाहरगढ़ बायालॉजिकल पार्क में रखा जायेगा, उसके बाद जंगल में छोड़ देंगे।

बताया जा रहा है कि इससे पहले, 11 जनवरी की सुबह 8 बजे नाहरगढ़ किले में पार्किंग एरिया के पास दीवार पर

- **वन्य अधिकारियों के मुताबिक लेपर्ड का पैर झाड़ियों में फंसा हुआ था, उसे ट्रंकुलाइज कर सुरक्षित बचा लिया है।**
- **घायल लेपर्ड को फिलहाल उपचार के लिए बायोलॉजिकल पार्क में रखा गया है, स्वस्थ होने के बाद उसे पुनः जंगल में छोड़ा जायेगा**

लेपर्ड दिखा था। वह कुछ देर तक दीवार पर घूमता रहा, फिर चला गया। रविवार सुबह नाहरगढ़ पहुंचे पर्यटकों ने लेपर्ड को अपने कैमरे में कैद किया था।

गौरतलब है कि जयपुर में झालाना और आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व होने की वजह से बड़ी संख्या में तेंदुए का मूवमेंट रहता है। इससे पहले 7 दिसंबर को जयपुर के विद्याधर नगर में 4 घंटे तक लेपर्ड की दहशत रही थी। इससे पूर्वमें जयसिंहपुरा खोर में मानबाग और जगतपुरा के आशियाना ग्रीनवुड सोसाइटी में लेपर्ड पहुंच गया था। दिल्ली रोड, जमवारामगढ़, मालवीय नगर और झालाना इलाके में भी लेपर्ड का मूवमेंट नजर आ चुका है। इस दौरान लेपर्ड कई बार मवेशियों और जंगली जानवरों को अपना शिकार बना चुका है।

वन्य अधिकारियों के मुताबिक जयपुर में पिछले कुछ वक्त से लेपर्ड की संख्या लगातार बढ़ रही है। झालाना, आमागढ़ और नाहरगढ़ सफारी में लगभग 75 लेपर्ड रह रहे हैं। इनमें सबसे अधिक लगभग 45 लेपर्ड झालाना में हैं, 20 से ज्यादा लेपर्ड आमागढ़ के जंगलों में हैं। जयपुर देश का पहला ऐसा शहर है, जहां 2 लेपर्ड सफारी, एक लॉयन सफारी, एक टाइगर और एक एलिफेंट सफारी है।

# सर्दी-बारिश में पिछले 5 दिनों से सड़क पर बैठीं है महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**जयपुर**। राजधानी में महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिछले 5 दिनों से सर्दी-बारिश के मौसम में अपनी मांगों को लेकर सड़क पर धरना दे रही है, लेकिन प्रशासन उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। महिलाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी धरने पर बैठे है। रविवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने इन महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि आंगनबाड़ी महिलाकर्मी गत 8 जनवरी से गांधीनगर जयपुर में निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाएं जयपुर के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर दिन-रात की तेज सर्दी व बरसात में अपनी मांगों को लेकर बैठी हुई हैं। परंतु 5 दिन बाद भी राज्य सरकार के किसी नुमाइंदे ने इन महिलाओं की कोई सुध नहीं ली। महिला बाल विकास कर्मचारी संघ की प्रदेशाध्यक्ष मधुबाला शर्मा ने बताया कि जिसके कारण महिलाओं में बहुत ही रोष है और कल महिलाएं सड़क और कार्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर और भीख मांगकर अपनी मांगे पूरी करवाने के लिए रोष जताएंगी। यदि उसके बाद भी सरकार बात नहीं सुनती है तो महिलाएं दिन-रात निदेशालय के बाहर बैठेंगी।



अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी।

# सांगानेर खुली जेल से भागा हत्या का आरोपी

**जयपुर**। सांगानेर खुली जेल से हत्या का आरोपित फरार हो गया। जेल प्रशासन ने इस सम्बंध में मालपुरा गेट थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटे है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मुकेश हत्या के मामले में खुली जेल में सजा काट रहा था। उसकी 10 जनवरी को तलाशी ली गई। वह घर और अन्य सम्भावित जगहों पर नहीं मिला। पुलिस ने जेल से मिली शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली हैं।

जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल गजानंद ने बताया कि थाना इलाके में सांगानेर में बनी खुली जेल से एक बंदी के भागने की शिकायत मिली है। शिकायत खुली जेल के प्रहरी मनोहर लाल बिश्नोई की ओर से दी गई। मनोहर लाल ने रिपोर्ट दी है कि हत्या के मामले में सजा काट रहा मुकेश निवासी श्योराज पुरा तहसील सपोटरा करौली का रहने वाला हैं। खुली जेल में मकान नंबर 280 ए में करता है। उसके मकान में सर्च किया गया तो वह मौके पर नहीं मिला। उसके साथ काम करने वाले और अन्य लोगों से जब जानकारी जुटाई गई।

सभी ने उसके बारे में जानकारी नहीं होने की बात कही। इस पर थाना मालपुरा गेट को आरोपी मुकेश के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने आरोपी मुकेश के मोबाइल नम्बर और गांव पर भी सम्पर्क करने का प्रयास किया। कोई जानकारी आरोपी मुकेश की नहीं मिली। इस पर पुलिस ने मुकेश के खिलाफ खुली जेल से भागने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाहरगढ़ घूमने गए दो भाई लापता, पुलिस ने तीन घंटे में खोजा

**जयपुर**। नाहरगढ़ घूमने गए दो भाई शनिवार शाम को रास्ता भटक गए। पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने दोनों भाइयों को ढूंढकर परिजनों को सौंपा दिया। लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर 3 घंटे में दोनों भाइयों को ढूंढ निकाला।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि घर से नाहरगढ़ घूमने के लिए दो चचेरे भाई निकले थे। यहां से हथिनी कुंड चले गए। वापस आते समय दोनों रास्ता भटक गए और जंगल की तरफ पहुंच गए। अंधेरा-कोहरा होने से दोनों घबरा गए। थानाधिकारी ईश्वर चंद पारीक के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। उसके बाद पुलिस टीमों ने लापता हुए सोडाला निवासी निशांत और क्रिश से कांटेक्ट किया।दोनों से मोबाइल लोकेशन लेकर टीम उनके पास पहुंची और जंगल से सकुशल बाहर लेकर आई।

## सार-समाचार

### शुभ वेडिंग एंड लाइफस्टाइल अवार्ड्स समिट



**जयपुर**। शुभ वेडिंग एंड लाइफस्टाइल अवार्ड्स समिट एंड कॉन्क्लेव सीजन 7 का आयोजन फेयरमॉन्ट जयपुर में किया गया। इस इवेंट ने वेडिंग टूरिज्म और लाइफस्टाइल इंडस्ट्री के दिग्गजों को एक मंच पर लाकर एक नया स्टैंडर्ड सेट किया। इवेंट के ऑर्गनाइजर्स, शुभ वेडिंग के डायरेक्टर्स, राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया कि इस इवेंट का उद्घाटन दीप प्रज्वलन द्वारा फेयरमोंट जयपुर के जीएम रजत सेठी; चौमें पैलेस जीएम मुकेश परेवा; वाराणसी से मनीष श्रीवास्तव; गुजरात से जयदीप मेहता; साउथ से राखी कांकरिया; दिल्ली से प्रशांत दुबे; प्रियंका नितिन दुबे; विजय सिंह शेखावत; तरुण शर्मा; और अंशुल जैन ने किया। यह प्लेटफॉर्म वेडिंग इंडस्ट्री में क्रिएटिविटी, इनोवेशन और एक्सीलेंस को प्रमोट करने के लिए डेडिकेटेड है। इवेंट का मुख्य आकर्षण इंटरनेशनल वेडिंग प्लानर के साथ हुए एक्सक्लूसिव सेशन्स था, जिसमें टोमस डी ब्रुइन, बेल्जियम; मेलन टेपेलर, तुर्की ; डालिया ताहा (कतर), पौला रूनी (यूनाइटेड किंगडम), हसन अनवर (यूनाइटेड किंगडम), नोरा किस्फालुडी टोबेल (हंगरी), जोसे मारिया फुएंटेस (मेक्सिको), तस्नीम अलीबाई (यूएई), शादी (दुबई), माइकल रुइज़ (फिलीपींस), प्रिंसेस ऐनी रामोस (फिलीपींस), अमित राठौर (दुबई), बुएदी (फ्रांस), नेफियान्तो सेतियोनो (इंडोनेशिया), और रियानन डाउन (यूएई) जैसे प्रतिष्ठित मेहमान ने अपने आइडियाज और एक्सपीरियंस ऑडियंस के साथ शेयर किए। इन सेशन्स में नए ट्रेंड्स और कॉन्सेप्ट्स पर भी चर्चा हुई।

### अध्यापिका मधुसहाय जोशी सेवानिवृत्त



**जयपुर**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चतरपुरा जिला जयपुर में कार्यरत अध्यापिका मधुसहाय जोशी का सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक, ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक, स्कूल के अध्यापक अध्यापिकाएं एवं जोशी के परिवारजन ने भाग लिया। इस अवसर पर जोशी के कार्यकाल में उनके द्वारा किए गए कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। वाइस प्रिंसिपल रजनी चौधरी ने बताया कि जोशी एक बहुत ही अनुशासन प्रिय बच्चों से प्यार करने वाली तथा किसी भी कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली एक आयरन लेडी रही। विद्यालय परिवार ने जोशी से बहुत कुछ सीखा है। विदाई समारोह में सभी अध्यापकों ने जोशी की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए बताया कि उनकी सेवानिवृत्ति से विद्यालय में एक अनुशासन प्रिय, कर्मठ अध्यापिका की कमी महसूस की जाएगी। सेवानिवृत्ति समारोह में व्यास सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) सचिव नरेंद्र कुमार व्यास, रिटायर्ड कर्नल सुरेंद्र यादव, विजय कुमार लुहाड़िया, सौरभ व्यास, ब्रजेश जैन आदि भी उपस्थित रहे। व्यास सेवा संस्थान के सचिव नरेंद्र कुमार व्यास ने घोषणा की इस वर्ष की भांति अगले वर्ष भी विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं को उनके कोर्स के अनुरूप सहायक पाठ्य सामग्री का निशुल्क वितरण किया जाएगा। 21 छात्र छात्राओं को निशुल्क स्वेटर का वितरण भी इस वर्ष किया जाएगा।

### महिलाकर्मी को जलाकर मारने का आरोप

**जयपुर**। जवाहर नगर इलाके में एक नामी स्कूल पर महिला कर्मचारी ने जला कर मारने का आरोप लगाया है। घटना पिछले साल दीपावली की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार उनियारा का रास्ता निवासी पुनीत खंडेलवाल ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बेटी सीडलिंग स्कूल में सीए का काम करती थी। बेटी ने स्कूल में चल रही स्कूल डायरेक्टर संदीप बक्शी का अनैतिक गतिविधियों लिप्त होने की शिकायत करने पर उसकी बेटी को पिछले साल दीपावली पर बुलाकर जला दिया। इससे उसके शरीर पर गहरे जख्म हो गए। कई दिन तक उसका अस्पताल में इलाज चला। एक महीने बाद उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय दीप्ति खण्डेलवाल दीपावली को स्कूल में दीपक जला रही थी इसी दौरान उसके कपडों ने आग पकड़ ली थी। इससे वह गंभीर रुप से झुलस गई थी। करीब एक महीने से ज्यादा समय तक उसका इलाज चला और फिर उसकी मौत हो गई। मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। अब परिजनों ने इस्तगासे से मामला दर्ज करवाया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# तीन महिलाओं समेत पांच ड्रग्स सप्लायर गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" तहत शिप्रापथ, महेश नगर, सोडाला, चौमू एवं नाहरगढ़ थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए जयपुर शहर में ड्रग्स सप्लाई करने वाले तीन महिलाओं सहित पांच ड्रग्स माफियाओं को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 1.82 ग्राम, गांजा 853.49 ग्राम एवं बिक्री की राशि 21 हजार 900 रुपये बरामद किया गया। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत शिप्रापथ, महेश नगर, सोडाला, चौमू एवं नाहरगढ़ थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए जयपुर शहर में ड्रग्स सप्लाई करने वाली महिला

- **पुलिस ने आरोपियों से 1.82 ग्राम स्मैक, 853.49 ग्राम गांजा और बिक्री के 21900 रुपये बरामद किए**

तस्कर मीरा सांसी (50) निवासी चोमू जयपुर,सुमन मालावत (40) निवासी नाहरगढ़ रोड जयपुर ,ममता पत्नी सन्नी (31) निवासी सोडाला जयपुर, दीपू जाटव (24) निवास पोहरी जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) हाल शिप्रापथ जयपुर और समीर सांसी (22) निवासी महेश नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 1.82 ग्राम, गांजा 853.49 ग्राम एवं बिक्री की राशि 21 हजार 900 रुपये जब्त किए है।

# बैकडेट में अंकतालिकाएं और डिग्रियां जारी करने वाला ओ.पी.जे.एस. विश्वविद्यालय का अकाउंटेंट गिरफ्तार

## इस यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह, पूर्व रजिस्ट्रार जितेन्द्र यादव व सरिता कडवासरा तथा दलाल सुभाष पूनियां को भी एस.ओ.जी. पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी, यह सभी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं



आरोपी सुमित जाट

**जयपुर**। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए फर्जी तरीके से बैक डेट में अंकतालिकाएं और डिग्रियां जारी करने के गिरोह में शामिल ओपीजेएस विश्वविद्यालय के अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपित अकाउंटेंट से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वीके सिंह एसओजी ने ने बताया कि ओपीजेएस विश्वविद्यालय के संचालक जोगेन्द्र सिंह व दलाल सुभाष पूनिया के साथ मिलकर बैक डेट में फर्जी तरीके से विभिन्न कोर्सेज की अंकतालिकाएं और डिग्रियां जारी करने के गिरोह में शामिल ओपीजेएस विश्वविद्यालय के अकाउंटेंट को सुमित जाट (27) निवासी बरोदा जिला सोनीपत (हरियाणा) तत्कालीन अकाउंटेंट ओपीजेएस विश्वविद्यालय जिला चूरू को हरियाणा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है।

अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपित ओपीजेएस विश्वविद्यालय में अकाउंटेंट रहते हुए ओपीजेएस विश्वविद्यालय के प्रशासन और अन्य स्टाफ के साथ मिलकर दलालों के मार्फत काफी छात्रों को फर्जी तरीके से बैक डेट में बीपीएड, डीपीएड एवं अन्य कोर्सेज की डिग्रियां और अंकतालिकाएं उपलब्ध करवाई है। जिनके आधार पर काफी छात्र विभिन्न भर्ती परीक्षाओं पर चयनित होकर राजकीय पदों पर है। गिरफ्तार आरोपित से गहन पूछताछ जारी है।

ज्ञात रहे पूर्व में ओपीजेएस विश्वविधालय के संचालक जोगेन्द्र सिंह, पूर्व रजिस्ट्रार जितेन्द्र यादव व सरिता कडवासरा तथा दलाल सुभाष पूनियां को गिरफ्तार किया गया था, जो सभी वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे है।

# ट्रक चुराने वाले 9 बदमाशों को जयपुर पुलिस ने दबोचा

**जयपुर**। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने ट्रक चोर गिरोह के 9 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग के बदमाश रैकी कर रात के समय वारदात को अंजाम देते हैं, फिर ट्रक को काटकर पार्ट्स को अलग-अलग कर बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कटे हुए एक ट्रक के पार्ट्स बरामद किए है। पूछताछ में गैंग से चार ट्रक चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे होने की संभावना है।

डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया कि ट्रक चोरी गैंग के मास्टर माइंड अजहर मोहम्मद (32) निवासी छप्पर बंधो की रास्ता घाटगेट रामगंज, नरेन्द्र सिंह उर्फ नन्दू (29) पुत्र गोपाल सिंह निवासी कली का भट्टा गलतागेट हाल जामडोली कानोता, ताज मोहम्मद (33) पुत्र निजामुद्दीन निवासी गोरी कॉलोनी चौमूं हाल आमागढ़ ट्रांसपोर्ट नगर, अंकेश गुप्ता (44) पुत्र कालुराम गुप्ता निवासी नन्दपुरी कॉलोनी ब्रह्मपुरी, उमरदीप (46) पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी हकीम की गली लालकोठी, महेश पासवान (50)

- **यह गैंग दिन में रैकी करती और रात में ट्रक चुराकर उसके पार्ट्स काटकर बेच देती थी**
- **गिरोह में शामिल बदमाशों में रैकी करने वालों से लेकर खरीददार तक शामिल है।**

पुत्र जोगेन्द्र पासवान निवासी वैशाली बिहार हाल माली कोठी कानोता, राजकुमार पासवान (26) पुत्र महेश पासवान निवासी वैशाली बिहार हाल माली कोठी कानोता, शत्रुधन गुप्ता (46) पुत्र रामराज गुप्ता निवासी वेदपुरी कॉलोनी ट्रांसपोर्ट नगर और मोहम्मद अकील (33) पुत्र मोहम्मद वकील निवासी कली का भट्टा गलतागेट को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कटे हुए एक ट्रक के पार्ट्स बरामद किए है।

पिछले एक साल से बड़े वाहनों की चोरी को लेकर पुलिस ने स्पेशल टीम का गठन किया। ट्रक चोरी को लेकर 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को चैक कर रुट चार्ट तैयार किया गया। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर शनिवार रात दबिश देकर गैंग के ठिकानों पर दबिश देकर 9 बदमाशों को अरेस्ट किया गया। पकड़े गए बदमाशों ने रैकी के लेकर खरीदार तक शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में गैंग ने पिछले एक साल में ट्रक चोरी की 4 वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

जांच में सामने आया है कि ट्रक चोरी का मास्टर माइंड अजहर मोहम्मद, नरेन्द्र सिंह उर्फ नंदू व ताज मोहम्मद है। विश्वकर्मा रिको एरिया में दिन के समय मास्टर माइंड अजहर मोहम्मद रेकी कर ट्रक चिह्नित करता था। आधी रात को बदमाश अजमर मोहम्मद, नरेन्द्र सिंह उर्फ नन्दू व ताज मोहम्मद ट्रक को चुराते थे।

गैंग के बदमाश मोहम्मद अकील व शत्रुघन गुप्ता ट्रक काटते और उमरदीन, महेश पासवान और राजकुमार पासवान उनकी मदद करते थे। ट्रक काटने के बाद अलग-अलग किए पार्ट्स को अंकेश गुप्ता खरीदता था।

# खाली प्लॉट में नवजात बच्ची का लहुलुहान शव पड़ा मिला

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा इलाके के एक प्लॉट में लहूलुहान हालत में नवजात बच्ची का शव मिला है। पांच फीट ऊंचाई से नवजात को अंदर फेंका गया था। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है।

पुलिस ने बताया कि पटना बिहार निवासी सतीश कुमार (29) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह विश्वकर्मा स्थित रोड नंबर-17 उद्योग विहार में किराए से रहते हैं। प्लॉट के पिछले हिस्से में बने दो कमरों में उनका परिवार रहता है। आगे का हिस्सा खाली पड़ा हुआ है। शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे जगाने पर कमरे से बाहर आए। प्लॉट के अंदर लहूलुहान हालत में नवजात बच्ची पड़ी हुई मिली।

पुलिस ने बताया कि पांच फीट ऊंची दीवार के ऊपर से नवजात को प्लॉट के अंदर फेंका गया था। लहूलुहान नवजात बच्ची के नग्न हालत में मिलने का पता चलने पर

- **2-3 घंटे पूर्व जन्मी हुई बच्ची को 5 फीट ऊंची दीवार से फेंका था**

लोगों में सनसनी फैल गई। विश्वकर्मा थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत नवजात को कांवटिया हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने चेकअप के बाद नवजात को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि बच्ची का जन्म करीब 2-3 घंटे पहले हुआ था। रात के अंधेरे में खाली प्लॉट समझकर लहूलुहान हालत में नवजात को फेंका गया। सुबह पता चलने पर जिदंगी की गुंजाइश को लेकर तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया गया था। नवजात की डिलीवरी घर पर ही होना प्रतीत हो रही है। वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ अज्ञात परिजनों की तलाश की जा रही है।